सत्यमेव जयते

सागरः सुपन्थानः सन्तु

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
MINISTRY OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS
नौवहन महानिदेशालय, मुंबई
DIRECTORATE GENERAL OF SHIPPING, MUMBAI

GLOBAL MARITIME INDIA SUMMIT 2023
CONNECT COLLABORATE CREATE

**फाइल नंबर: 20-11011/45/2021-प्रशिक्षण-नौमनि** **दिनांक: 15.9.2023**

**वर्ष 2023 का नौमनि परिपत्र संख्या 21**

**विषय: वर्ष 2005 के परिपत्र संख्या 6 का शुद्धिपत्र - पोत चालन सिम्यूलेटर और ब्रिज टीमवर्क पाठ्यक्रम**

1. जबकि, निदेशालय ने दिनांक 1.1.2005 को नौमनि परिपत्र संख्या 6 के माध्यम से पोत चालन सिम्यूलेटर और ब्रिज टीम वर्क पाठ्यक्रम हेतु दिशानिर्देश जारी किए थे। निदेशालय ने उक्त परिपत्र सभी प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा उपलब्ध करवाए गए प्रशिक्षण, सुविधा-साधनों और उपकरण में समानता लाने के लिए जारी किया गया था और दिशानिर्देशों को परिशोधित तथा निरूपित किया गया था।

2. जबकि, निदेशालय ने दिनांक 17.9.2018 के वर्ष 2018 के नौमनि प्रशिक्षण परिपत्र संख्या 23 के माध्यम से पोलर वॉटर कोर्स हेतु पोतों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण संबंधी दिशानिर्देश जारी किए गए थे। निदेशालय ने उक्त परिपत्र के परिशिष्ट-4 के माध्यम से क्रम संख्या 1 पर पोत चालन सिम्यूलेटर की विशिष्टताओं का उल्लेख किया जिसके 'भाग 1 विजुलाइजेशन' में निदेशालय ने निम्नानुसार मानदंड दिए हैं:

''प्रोजेक्टेड डिस्प्ले के लिए हर चैनल की विजुअल स्क्रीन का आकार 6' गुणा 4' से कम न होगा। विजुअल सिस्टम पर सभी नेवीगेशनल मार्क उसी तरह से होंगे जिस तरह से ईसीडीआईएस पर तथा उस क्षेत्र के पेपर चार्टों पर दर्शाए गए होंगे।
या फ्लैट स्क्रीन डिस्प्ले होंगे (प्रोजेक्टेड इमेज की बजाय), जिनका प्रयोग किया जा सकेगा, जिसका हर पैनल अपने विकर्ण पर यानी तिरछी दिशा में कम से कम 65'' होगा।

3. जबकि, निदेशालय से कुछ हितधारियों ने अनुरोध किया है कि पोत चालन सिम्यूलेटर और ब्रिज टीम वर्क कोर्स हेतु विजुअल स्क्रीनों (प्रोजेक्टेड इमेज) की जगह पर फ्लैट स्क्रीन एलईडी डिस्प्ले लगाए जाएं।

4. डिस्प्ले सिस्टमों में उन्नत तकनीक को दृष्टिगत रखते हुए, निदेशालय ने विजुअल स्क्रीनों

9वीं मंज़िल, बीटा बिल्डिंग, आई थिंक टेक्नो कैम्पस, कांजुर गाँव रोड, कांजुरमार्ग (पूर्व) मुंबई- 400042
9th Floor, BETA Building, I-Think Techno Campus, Kanjur Village Road, Kanjurmarg (E), Mumbai-400042
फोन/Tel No.: +91-22-2575 2040/1/2/3 फैक्स/Fax.: +91-22-2575 2029/35 ई-मेल/Email: dgship-dgs@nic.in वेबसाइट/Website: www.dgshipping.gov.in

(प्रोजेक्टेड इमेज) की बजाय फ्लैट स्क्रीन एलईडी डिस्प्ले के प्रयोग की अनुमति प्रदान की है। हालांकि, स्क्रीन का कुल आकार आवश्यक रूप से विद्यमान अपेक्षाओं के अनुसार ही रहे जिसमें हर पैनल अपने विकर्ण पर यानी तिरछी ओर कम से कम 65'' होगा।

5. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जताा है।

15/9/2023

(डॉ. पांडुरंग के. राउत)
उप नौवहन महानिदेशक (प्रशिक्षण)

सेवा में,

1. प्रधान अधिकारी, समुद्री वाणिज्य विभाग, मुंबई / चेन्नई / कोलकाता / कोच्चि / कांडला
2. समस्त समुद्रीय प्रशिक्षण संस्थान